**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2773**
**12 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) की उपलब्धियां**

**2773. श्री अनुराग सिंह ठाकुरः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) चुनिंदा शहरों में शहरी अवसंरचना के कायाकल्प के संबंध में स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) शहरी जीवन स्तर, सुरक्षा और लोक सेवाओं में सुधार लाने के लिए क्या विशिष्ट उपलब्धियां हासिल की गई हैं;

(ग) स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के कार्यान्वयन में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उनका समाधान किस प्रकार किया जा रहा है; और

(घ) सम्पूर्ण देश के अन्य शहरों में सफल स्मार्ट सिटी समाधानों के विस्तार के लिए भावी रूपरेखा क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क): 100 स्मार्ट सिटीज द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 15.11.2024 तक, स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) के तहत 1,64,669 करोड़ रु. की लागत वाली 8,066 परियोजनाओं में कार्य आदेश जारी किए जा चुके हैं, जिनमें से 1,47,366 करोड़ रूपए की लागत वाली 7,352 परियोजनाएं (अर्थात कुल परियोजनाओं का 91%) पूरी हो चुकी हैं। एससीएम की वर्तमान स्थिति का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख): शहरी जीवन के मानकों, सुरक्षा और सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बनाने में एससीएम की कुछ प्रमुख उपलब्धियों में, अन्य बातों के साथ-साथ, सभी 100 स्मार्ट सिटीज में एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी), 84,000 सीसीटीवी निगरानी कैमरे, 1,884 आपातकालीन कॉल बॉक्स, 3,000 से अधिक जन सूचना प्रणालियां, 1,740

किलोमीटर से अधिक स्मार्ट सड़कें, 713 किलोमीटर साइकिल ट्रैक, 17,026 किलोमीटर जल आपूर्ति प्रणाली शामिल है, जिनकी निगरानी पर्यवेक्षी नियंत्रण और डेटा अधिग्रहण (एससीएडीए) प्रणाली के माध्यम से की जा रही है, 66 से अधिक शहर प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग के साथ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कर रहे हैं, लगभग 9,194 वाहनों को ओटोमेटिड व्हिकल लोकेशन (एवीएल) के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी आईडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) सक्षम बनाया गया है, 9,433 स्मार्ट क्लासरूम और 41 डिजिटल लाइब्रेरी विकसित की गई है, 172 ई-हेल्थ सेंटर और क्लिनिक विकसित किए गए हैं और 152 हेल्थ एटीएम लगाए गए है।

(ग): भारतीय शहरी विकास के लिए भारत सरकार की नीति और कार्यनीति भारत के संविधान में निर्धारित प्रावधानों का पालन करती है। यहाँ यह उल्लेख करना उचित है कि 'भूमि' और 'कॉलोनीकरण' राज्य के विषय हैं। इसके अलावा, भारतीय संविधान की 12वीं अनुसूची (अनुच्छेद 243डब्ल्यू) के अनुसार, शहरी नियोजन जिसमें नगर नियोजन भी शामिल है, शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी)/शहरी विकास प्राधिकरणों की जिम्मेदारी है। हालाँकि, भारत सरकार उच्च शहरीकरण को तेज़ आर्थिक विकास की अपेक्षित दिशा में एक अवसर के रूप में देखती है। भारत सरकार योजनाबद्ध कार्यक्रमों/परामर्शिकाओं के माध्यम से राज्यों के प्रयासों में सहायता प्रदान करती है।

जैसा कि स्मार्ट सिटीज द्वारा अवगत कराया गया है, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों में, *अन्य बातों के साथ-साथ,* कानूनी मुद्दे, विभिन्न विभागों से स्वीकृति प्राप्त करने में देरी, भूमि अधिग्रहण, पहाड़ी क्षेत्रों में निर्माण, छोटे और मझले शहरों में विक्रेता और संसाधन उपलब्धता की चुनौतियां, कुछ शहरों में निर्णय लेने का केंद्रीकरण, सभी नगर विभागों और एजेंसियों के एकीकरण के साथ आईसीसीसी की पूरी क्षमता का उपयोग, परियोजनाओं को बार-बार बदलना और छोड़ना शामिल है।

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के पास एससीएम के तहत परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के लिए एक बहु-स्तरीय समीक्षा संरचना है। राज्य स्तर पर, मिशन के कार्यान्वयन की निगरानी मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समिति (एचपीएससी) द्वारा की जाती है। राष्ट्रीय स्तर पर, कार्यान्वयन की निगरानी आवासन और शहरी कार्य सचिव की अध्यक्षता वाली एक शीर्ष समिति द्वारा की जाती है। एसपीवी के बोर्ड में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के नामित निदेशक नियमित आधार पर संबंधित शहरों में प्रगति की निगरानी करते हैं। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय 100 स्मार्ट सिटीज/यूएलबी के कार्य प्रदर्शन का आकलन करने और जहां भी आवश्यक हो, उन्हें बेहतर बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर वीडियो कॉन्फ्रेंस, समीक्षा

बैठकों, क्षेत्रीय दौरों, क्षेत्रीय कार्यशालाओं, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन आदि के माध्यम से राज्यों/स्मार्ट सिटीज के साथ नियमित रूप से वार्ता आयोजित करता है।

(घ): एससीएम ने 100 स्मार्ट सिटीज में अनुकरणीय मॉडल/परियोजनाएं बनाई हैं, जो 'क्षेत्र आधारित विकास' स्मार्ट सिटी समाधान (अखिल शहर विशेषताओं) परियोजनाओं सहित देश के अन्य महत्वाकांक्षी शहरों के लिए 'लाइट हाऊस' के रूप में कार्य कर सकती हैं ।

एससीएम के तहत 7,000 से अधिक पूर्ण परियोजनाओं से प्राप्त ज्ञान के आधार पर, मिशन ने संख्याएं बढ़ाए जाने और अनुकरण योग्य परियोजनाओं से प्राप्त सीख के आधार पर कई नोलेज प्रोडेक्ट बनाए हैं। ये प्रकाशन एससीएम वेबसाइट: https://smartcities.gov.in/documents पर उपलब्ध हैं ।

*****

अनुलग्नक

**स्मार्ट सिटी मिशन की उपलब्धियों के संबंध में दिनांक 12.12.2024 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2773 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**एससीएम की वर्तमान स्थिति का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण**

**(करोड़ रुपए में)**

| राज्य/शहर | कुल | | पूर्ण | | निर्माणाधीन | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | परियोजनाओं की संख्या | धनराशि | परियोजनाओं की संख्या | धनराशि | परियोजनाओं की संख्या | धनराशि |
| **अंडमान निकोबार द्वीप समूह** | **18** | **511.33** | **7** | **39.65** | **11** | **471.68** |
| पोर्ट ब्लेयर | 18 | 511.33 | 7 | 39.65 | 11 | 471.68 |
| **आंध्र प्रदेश** | **281** | **6616.07** | **234** | **5653.20** | **47** | **962.87** |
| अमरावती | 20 | 930.00 | 14 | 746.00 | 6 | 184.00 |
| काकीनाडा | 92 | 1908.09 | 79 | 1722.97 | 13 | 185.12 |
| तिरुपति | 104 | 2082.75 | 79 | 1610.65 | 25 | 472.10 |
| विशाखापत्तनम | 65 | 1695.23 | 62 | 1573.58 | 3 | 121.65 |
| **अरुणाचल प्रदेश** | **75** | **1032.11** | **52** | **560.57** | **23** | **471.54** |
| ईटानगर | 32 | 520.61 | 20 | 346.12 | 12 | 174.49 |
| पासीघाट | 43 | 511.50 | 32 | 214.45 | 11 | 297.05 |
| **असम** | **21** | **754.65** | **19** | **722.42** | **2** | **32.23** |
| गुवाहाटी | 21 | 754.65 | 19 | 722.42 | 2 | 32.23 |
| **बिहार** | **153** | **5401.74** | **123** | **4142.84** | **30** | **1258.90** |
| भागलपुर | 27 | 1504.14 | 25 | 1394.96 | 2 | 109.18 |
| बिहारशरीफ | 61 | 1449.15 | 50 | 1095.64 | 11 | 353.51 |
| मुजफ्फरपुर | 30 | 965.89 | 22 | 626.16 | 8 | 339.73 |
| पटना | 35 | 1482.56 | 26 | 1026.08 | 9 | 456.48 |
| **चंडीगढ़** | **97** | **2694.25** | **95** | **2631.66** | **2** | **62.59** |
| चंडीगढ़ | 97 | 2694.25 | 95 | 2631.66 | 2 | 62.59 |
| **छत्तीसगढ** | **520** | **4443.43** | **479** | **3655.98** | **41** | **787.45** |
| अटल नगर | 52 | 944.03 | 36 | 573.55 | 16 | 370.48 |
| बिलासपुर | 126 | 1765.46 | 111 | 1474.10 | 15 | 291.36 |
| रायपुर | 342 | 1733.94 | 332 | 1608.33 | 10 | 125.61 |
| **दादरा और नगर हवेली** | **29** | **853.06** | **9** | **382.72** | **20** | **470.34** |
| सिल्वासा | 29 | 853.06 | 9 | 382.72 | 20 | 470.34 |
| **दमन और दीव** | **54** | **1037.43** | **43** | **705.67** | **11** | **331.76** |
| दीव | 54 | 1037.43 | 43 | 705.67 | 11 | 331.76 |
| **दिल्ली** | **133** | **1034.15** | **118** | **827.67** | **15** | **206.48** |
| एनडीएमसी | 133 | 1034.15 | 118 | 827.67 | 15 | 206.48 |
| **गोवा** | **49** | **1053.14** | **36** | **585.55** | **13** | **467.59** |
| पणजी | 49 | 1053.14 | 36 | 585.55 | 13 | 467.59 |
| **गुजरात** | **354** | **11451.36** | **339** | **10824.14** | **15** | **627.22** |
| अहमदाबाद | 70 | 2655.39 | 69 | 2626.40 | 1 | 28.99 |
| दाहोद | 36 | 984.46 | 27 | 710.42 | 9 | 274.04 |
| गांधीनगर | 43 | 1045.99 | 41 | 777.99 | 2 | 268.00 |
| राजकोट | 71 | 2183.73 | 69 | 2156.62 | 2 | 27.11 |
| सूरत | 82 | 2638.38 | 82 | 2638.38 | 0 | 0.00 |
| वडोदरा | 52 | 1943.41 | 51 | 1914.33 | 1 | 29.08 |

| राज्य/शहर | कुल | | पूर्ण | | निर्माणाधीन | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | परियोजनाओं की संख्या | धनराशि | परियोजनाओं की संख्या | धनराशि | परियोजनाओं की संख्या | धनराशि |
| **हरियाणा** | **166** | **2082.83** | **140** | **1634.58** | **26** | **448.25** |
| फरीदाबाद | 44 | 928.96 | 32 | 687.23 | 12 | 241.73 |
| करनाल | 122 | 1153.87 | 108 | 947.35 | 14 | 206.52 |
| **हिमाचल प्रदेश** | **291** | **1551.66** | **259** | **1165.05** | **32** | **386.61** |
| धर्मशाला | 80 | 655.74 | 54 | 353.74 | 26 | 302.00 |
| शिमला | 211 | 895.92 | 205 | 811.31 | 6 | 84.61 |
| **जम्मू और कश्मीर** | **291** | **6603.39** | **261** | **6085.10** | **30** | **518.29** |
| जम्मू | 127 | 2969.07 | 117 | 2773.31 | 10 | 195.76 |
| श्रीनगर | 164 | 3634.32 | 144 | 3311.79 | 20 | 322.53 |
| **झारखंड** | **26** | **1847.23** | **26** | **1847.23** | **0** | **0.00** |
| रांची | 26 | 1847.23 | 26 | 1847.23 | 0 | 0.00 |
| **कर्नाटक** | **908** | **13791.75** | **882** | **13380.57** | **26** | **411.18** |
| बेलगावी | 217 | 2779.52 | 211 | 2716.46 | 6 | 63.06 |
| बेंगलुरु | 48 | 1033.53 | 47 | 1014.77 | 1 | 18.76 |
| दावनगेरे | 128 | 1976.27 | 125 | 1932.81 | 3 | 43.46 |
| हुबली, धारवाड़ | 81 | 1949.61 | 78 | 1816.62 | 3 | 132.99 |
| मंगलुरु | 105 | 2573.14 | 93 | 2428.81 | 12 | 144.33 |
| शिवमोगा | 112 | 1381.00 | 111 | 1372.42 | 1 | 8.58 |
| तुमकुरु | 217 | 2098.68 | 217 | 2098.68 | 0 | 0.00 |
| **केरल** | **177** | **3003.20** | **150** | **2398.11** | **27** | **605.09** |
| कोच्चि | 98 | 1760.73 | 85 | 1555.47 | 13 | 205.26 |
| तिरुवनंतपुरम | 79 | 1242.47 | 65 | 842.64 | 14 | 399.83 |
| **लक्षद्वीप** | **8** | **11.21** | **8** | **11.21** | **0** | **0.00** |
| कवारत्ती | 8 | 11.21 | 8 | 11.21 | 0 | 0.00 |
| **मध्य प्रदेश** | **788** | **15078.54** | **748** | **14192.23** | **40** | **886.31** |
| भोपाल | 82 | 2790.60 | 82 | 2790.60 | 0 | 0.00 |
| ग्वालियर | 83 | 1572.00 | 76 | 1367.23 | 7 | 204.77 |
| इंदौर | 232 | 3767.04 | 230 | 3725.38 | 2 | 41.66 |
| जबलपुर | 130 | 2196.50 | 130 | 2196.50 | 0 | 0.00 |
| सागर | 80 | 1782.22 | 75 | 1574.96 | 5 | 207.26 |
| सतना | 86 | 1357.33 | 68 | 1065.34 | 18 | 291.99 |
| उज्जैन | 95 | 1612.85 | 87 | 1472.22 | 8 | 140.63 |
| **महाराष्ट्र** | **347** | **17042.17** | **318** | **14851.31** | **29** | **2190.86** |
| औरंगाबाद | 47 | 2835.40 | 44 | 2622.66 | 3 | 212.74 |
| कल्याण-डोम्बीवली | 19 | 1244.58 | 15 | 715.86 | 4 | 528.72 |
| नागपुर | 47 | 1767.71 | 37 | 1498.37 | 10 | 269.34 |
| नासिक | 53 | 3197.19 | 48 | 2903.91 | 5 | 293.28 |
| पिंपरी-चिंचवाड | 25 | 1303.61 | 22 | 1134.84 | 3 | 168.77 |
| पुणे | 55 | 3333.07 | 55 | 3333.07 | 0 | 0.00 |
| सोलापुर | 49 | 1650.56 | 48 | 1256.56 | 1 | 394.00 |
| ठाणे | 52 | 1710.05 | 49 | 1386.04 | 3 | 324.01 |
| **मणिपुर** | **27** | **513.02** | **19** | **247.28** | **8** | **265.74** |
| इम्फाल | 27 | 513.02 | 19 | 247.28 | 8 | 265.74 |
| **मेघालय** | **13** | **517.41** | **10** | **453.41** | **3** | **64.00** |
| शिलोंग | 13 | 517.41 | 10 | 453.41 | 3 | 64.00 |

| राज्य/शहर | कुल | | पूर्ण | | निर्माणाधीन | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | परियोजनाओं की संख्या | धनराशि | परियोजनाओं की संख्या | धनराशि | परियोजनाओं की संख्या | धनराशि |
| **मिजोरम** | **47** | **513.30** | **32** | **277.64** | **15** | **235.66** |
| आइजोल | 47 | 513.30 | 32 | 277.64 | 15 | 235.66 |
| **नागालैंड** | **40** | **689.30** | **36** | **516.94** | **4** | **172.36** |
| कोहिमा | 40 | 689.30 | 36 | 516.94 | 4 | 172.36 |
| **ओडिशा** | **107** | **3589.05** | **104** | **3426.64** | **3** | **162.41** |
| भुवनेश्वर | 32 | 2071.59 | 31 | 2056.59 | 1 | 15.00 |
| राउरकेला | 75 | 1517.46 | 73 | 1370.05 | 2 | 147.41 |
| **पुदुचेरी** | **82** | **629.98** | **46** | **85.05** | **36** | **544.93** |
| पुदुचेरी | 82 | 629.98 | 46 | 85.05 | 36 | 544.93 |
| **पंजाब** | **204** | **4449.54** | **176** | **3949.32** | **28** | **500.22** |
| अमृतसर | 44 | 1911.06 | 39 | 1759.21 | 5 | 151.85 |
| जालंधर | 80 | 1196.50 | 71 | 974.88 | 9 | 221.62 |
| लुधियाना | 80 | 1341.98 | 66 | 1215.23 | 14 | 126.75 |
| **राजस्थान** | **579** | **8639.95** | **561** | **8315.22** | **18** | **324.73** |
| अजमेर | 179 | 2223.58 | 171 | 2135.76 | 8 | 87.82 |
| जयपुर | 170 | 2545.38 | 165 | 2368.83 | 5 | 176.55 |
| कोटा | 87 | 2153.81 | 82 | 2093.45 | 5 | 60.36 |
| उदयपुर | 143 | 1717.18 | 143 | 1717.18 | 0 | 0.00 |
| **सिक्किम** | **55** | **1660.99** | **45** | **1415.22** | **10** | **245.77** |
| गंगटोक | 29 | 743.75 | 23 | 652.14 | 6 | 91.61 |
| नामची | 26 | 917.24 | 22 | 763.08 | 4 | 154.16 |
| **तमिलनाडु** | **733** | **17983.63** | **708** | **17470.09** | **25** | **513.54** |
| चेन्नई | 49 | 1104.19 | 47 | 1037.46 | 2 | 66.73 |
| कोयंबटूर | 72 | 1454.82 | 72 | 1454.82 | 0 | 0.00 |
| इरोड | 55 | 1304.12 | 54 | 1302.34 | 1 | 1.78 |
| मदुरै | 16 | 1899.66 | 16 | 1899.66 | 0 | 0.00 |
| सलेम | 114 | 1860.64 | 114 | 1860.64 | 0 | 0.00 |
| तंजावुर | 104 | 1001.33 | 101 | 973.91 | 3 | 27.42 |
| थुथुकुडी | 75 | 1038.48 | 72 | 993.74 | 3 | 44.74 |
| तिरुचिरापल्ली | 83 | 1547.68 | 79 | 1314.89 | 4 | 232.79 |
| तिरुनेलवेली | 84 | 1844.17 | 76 | 1755.85 | 8 | 88.32 |
| तिरुपूर | 28 | 2832.71 | 26 | 2795.55 | 2 | 37.16 |
| वेल्लोर | 53 | 2095.83 | 51 | 2081.23 | 2 | 14.60 |
| **तेलंगाना** | **169** | **2917.65** | **97** | **2122.91** | **72** | **794.74** |
| ग्रेटर वारंगल | 119 | 1800.38 | 68 | 1288.28 | 51 | 512.10 |
| करीमनगर | 50 | 1117.27 | 29 | 834.63 | 21 | 282.64 |
| **त्रिपुरा** | **76** | **807.54** | **71** | **642.32** | **5** | **165.22** |
| अगरतला | 76 | 807.54 | 71 | 642.32 | 5 | 165.22 |
| **उत्तर प्रदेश** | **889** | **21115.53** | **850** | **20251.13** | **39** | **864.40** |
| आगरा | 62 | 2368.80 | 62 | 2368.80 | 0 | 0.00 |
| अलीगढ़ | 52 | 1839.98 | 48 | 1580.45 | 4 | 259.53 |
| बरेली | 88 | 1475.70 | 88 | 1475.70 | 0 | 0.00 |
| झांसी | 78 | 1867.74 | 77 | 1851.74 | 1 | 16.00 |
| कानपुर | 91 | 3061.78 | 88 | 2999.66 | 3 | 62.12 |
| लखनऊ | 103 | 2126.41 | 102 | 2115.41 | 1 | 11.00 |

| राज्य/शहर | कुल | | पूर्ण | | निर्माणाधीन | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | परियोजनाओं की संख्या | धनराशि | परियोजनाओं की संख्या | धनराशि | परियोजनाओं की संख्या | धनराशि |
| मुरादाबाद | 41 | 1460.67 | 39 | 1425.21 | 2 | 35.46 |
| प्रयागराज | 140 | 2294.83 | 135 | 2221.11 | 5 | 73.72 |
| सहारनपुर | 117 | 1277.75 | 96 | 880.45 | 21 | 397.30 |
| वाराणसी | 117 | 3341.87 | 115 | 3332.60 | 2 | 9.27 |
| **उत्तराखंड** | **33** | **1143.60** | **31** | **908.84** | **2** | **234.76** |
| देहरादून | 33 | 1143.60 | 31 | 908.84 | 2 | 234.76 |
| **पश्चिम बंगाल** | **226** | **1604.22** | **220** | **986.71** | **6** | **617.51** |
| न्यू टाउन कोलकाता | 226 | 1604.22 | 220 | 986.71 | 6 | 617.51 |
| **कुल** | **8,066** | **164,669** | **7,352** | **147,366** | **714** | **17,303** |

15 नवंबर, 2024 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/स्मार्ट सिटी मिशन द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार।